INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

राजस्थान पटवार

राजस्थान अधीनस्थ और मंत्रिस्तरीय सेवा चयन बोर्ड (RSMSSB)

भाग – 4

भूगोल (भारत + राजस्थान) , कला एवं संस्कृति

प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स **"राजस्थान पटवारी नोट्स"** को एक विशिष्ट अपने - अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है। ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड (RSMSSB)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान पटवारी भर्ती परीक्षा** में पूर्ण संभव मदद करेंगे ।

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है। अतः आप सूची पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

प्रकाशक:

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : https://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें – https://wa.link/0yupe6

Online Order करें – https://shorturl.at/pwFNP

मूल्य : (₹)	संस्करण : नवीनतम

	भारत का भूगोल	
क्र.सं.	अध्याय	पेज नंबर
1.	सामान्य परिचय	1
2.	भारत की स्थिति व विस्तार	2
3.	प्रमुख स्थलाकृतियाँ	8
4.	मानसून तंत्र व वर्षा का वितरण	26
5.	प्रमुख नदियाँ एवं झीलें	39
6.	मृदा	52
7.	वन एवं वनस्पति	55
8.	प्रमुख फसलें	61
9.	प्रमुख खनिज	69
10.	ऊर्जा संसाधन	75
11.	पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय मुद्दे	81
	राजस्थान का भूगोल	
1.	सामान्य परिचय	95
2.	प्रमुख भू - आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएं	114
3.	जलवायु की विशेषताएं	126
4.	प्रमुख नदियाँ एवं झीलें	138
5.	प्राकृतिक वनस्पति	157
6.	मृदा	167
7.	प्रमुख फसलें	172
8.	राजस्थान में पशुपालन	182
9.	प्रमुख उद्योग	190
10.	प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें	193

11.	जनसंख्या-वृद्धि, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात एवं प्रमुख जनजातियाँ	203
12.	खनिज-धात्विक एवं अधात्विक	213
13.	ऊर्जा संसाधन- परम्परागत एवं गैर परम्परागत	225
14.	जैव विविधता एवं इनका संरक्षण	234
15.	पर्यटन स्थल एवं परिपथ	239
	कला संस्कृति	
1.	स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताएं • मंदिर • राजस्थान की मस्जिदें , दरगाह एवं मक़बरे • किले एवं महल(स्मारक) • राजस्थान की प्रमुख छत्तरियाँ • राजस्थान की प्रमुख हवेलियाँ	254
2.	चित्रकलाएं	290
3.	हस्तशिल्प	300
4.	राजस्थानी साहित्य की महत्वपूर्ण कृतियाँ एवं क्षेत्रीय बोलियाँ	308
5.	मेले एवं त्योंहार	321
6.	लोक संगीत एवं लोक नृत्य • राजस्थान के लोक नाट्य	333
7.	राजस्थानी संस्कृति ,परम्परा एवं विरासत	356
8.	वेशभूषा एवं आभूषण	361
9.	राजस्थान के धार्मिक आंदोलन	364
10.	लोक देवियाँ एवं लोक देवता	373



इसे भौगोलिक दृष्टि से तीन मुख्य भागों में बांटा जाता है–

1. महा हिमालय (Greater Himalayas)
2. लघु हिमालय (Lesser Himalayas)
3. शिवालिक हिमालय (Shivalik Himalayas)

NOTE- कुछ भूगोलवेत्ता ट्रांस हिमालय को भी इसका भाग मानते हैं

ट्रांस हिमालय :- ट्रांस हिमालय का निर्माण हिमालय से भी पहले हो चुका था।

- इसके अन्तर्गत काराकोरम, लद्दाख, कैलाश व जास्कर श्रेणी आती है।
- इन श्रेणियों पर वनस्पति का अभाव पाया जाता है।

(A) काराकोरम श्रेणी –
- यह ट्रांस हिमालय की सबसे उत्तरी श्रेणी है।
- इसकी खोज वर्ष 1906 स्वेन हेडन ने की थी।
- इस श्रेणी को 'एशिया की रीढ़' कहा जाता है।
- भारत की सबसे ऊँची चोटी k2 या गाडविन ऑस्टिन (8611मी.) काराकोरम श्रेणी पर ही स्थित है।
- यह विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है ।
- काराकोरम दर्रा एवं इंदिरा कॉल इसी दर्रे में स्थित है।
- काराकोरम दर्रा (विश्व का सबसे ऊँचा दर्रा) काराकोरम श्रृंखला पर स्थित कश्मीर को चीन से जोड़ने वाला संकीर्ण दर्रा है। काराकोरम श्रृंखला पर भारत का सबसे लम्बा ग्लेशियर सियाचिन स्थित है।
- विश्व का सबसे ऊँचा सैनिक अड्डा (सियाचिन) यहीं अवस्थित है। सियाचिन ग्लेशियर से नुब्रा नदी का उद्गम होता है जिसके प्रवाह क्षेत्र में घाटी का निर्माण होता है।
- काराकोरम श्रेणी पर चार प्रमुख ग्लेशियर स्थित हैं।

- सियाचिन (72 km)
- बाल्टोरो – (58km)
- बियाफो – 63 km
- हिस्पर (61 Km)

(B) लद्दाख श्रेणी – विश्व की सबसे तीव्र ढलान वाली चोटी राकापोशी (7788मी.) लद्दाख श्रेणी पर ही स्थित है ।
- लद्दाख श्रेणी दक्षिण पूर्व की ओर कैलाश श्रेणी के रूप में स्थित है।
- यह श्रेणी सिन्धु नदी व इसकी सहायक नदी के बीच जल विभाजक का कार्य करती है।
- इस श्रेणी में भारत का सबसे ऊँचा पठार" लद्दाख का पठार" स्थित है इसी पठार पर भू तापीय ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध पूंगा घाटी स्थित है ।
- यह भारत का न्यूनतम वर्षा वाला क्षेत्र तुल्य स्थित है ।
- इसका सर्वोच्च शिखर माउंट कैलाश है ।
- इस क्षेत्र में अलवणजल की झीलें जैसे- डल और वुलर तथा लवणजल झीलें जैसे- पैंगोन सो (गलवान घाटी के नजदीक यह विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झील है) और सोमुरीरी भी पाई जाती है ।

(C) जास्कर श्रेणी –
- यह लद्दाख हिमालय के समांतर दक्षिणी दिशा में स्थित है।
- नंगा पर्वत इस पर्वत श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है।
- लद्दाख व जास्कर श्रेणियों के बीच से ही सिन्धु नदी बहती है। इस श्रेणी में स्पीति नदी प्रवाहित होती है।

उत्तरी हिमालय वृहत् या हिमाद्रि या महान हिमालय –

➤ इसका विस्तार नंगा पर्वत से नामचा बरवा पर्वत तक धनुष की आकृति में फैला हुआ है जिसकी कुल लम्बाई 2500 km तक है तथा औसत ऊँचाई 5000- 6000 मी. तक है।

➤ उत्तरी हिमालय को भौतिक विभाजन के दृष्टिकोण से दो भागों में बाँटा जा सकता है-

विश्व की सर्वाधिक ऊँची चोटियाँ इसी श्रेणी पर पाई जाती है जिसमें प्रमुख है-

- माउंट एवरेस्ट (8848 मी.) विश्व की सबसे ऊँची चोटी
- कंचनजंगा (8598 मी.)
- मकालू (8481 मी.)
- धौलागिरी (8172 मी.)
- अन्नपूर्णा (8076 मी.)
- नंदा देवी (7817 मी.)
- एवरेस्ट को पहले तिब्बत में चोमोलुंगमा के नाम से जाना जाता था जिसका अर्थ पर्वतों की रानी।
- एवरेस्ट, कंचनजंगा, मकालू, धौलागिरि, नंगा पर्वत, नामचा बरवा इसके महत्वपूर्ण शिखर है ।
- भारत में हिमालय की सर्वोच्च ऊँची चोटी कंचनजंगा यहीं स्थित है । यह विश्व की तीसरी सबसे ऊँची चोटी है ।
- कश्मीर हिमालय करेवा (karewa) के लिए भी प्रसिद्ध है जहाँ जाफरान (केसर की किस्म)की खेती की जाती है ।
- वृहत हिमालय में जोजीला, पीर पंजाल(बनिहाल), जास्कर श्रेणी में फोटुला और लद्दाख श्रेणी में खारदुंगला जैसे महत्वपूर्ण दर्रे स्थित है ।
- सिंधु तथा इसकी सहायक नदियाँ, झेलम और चेनाब इस क्षेत्र को प्रवाहित करती है । यह हिमालय विश्वभ्रमण सौंदर्य और खूबसूरत दृश्य स्थलों के लिए जाना जाता है। हिमालय की यही रोमांचक हिमावरणी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है जिसमें प्रमुख तीर्थस्थल- जैसे वैष्णो देवी, अमरनाथ गुफा और चरार - ए - शरीफ इत्यादि है।

लघु या मध्य या हिमाचल हिमालय –महान हिमालय के दक्षिण में तथा शिवालिक के उत्तर में इसका विस्तार है। इसकी सामान्य ऊँचाई 1800- 3000मी. है ।
- इसके अन्तर्गत कई श्रेणियाँ पाई जाती है।
- पीर पंजाल (जम्मू कश्मीर)
- धौलाधार (हिमाचल प्रदेश)
- नाग टिब्बा (उत्तराखण्ड)
- कुमायूँ (उत्तराखण्ड)
- महाभारत (नेपाल)
- लघु हिमालय तथा महान हिमालय के बीच कई घाटियों का निर्माण हुआ है ।
- कश्मीर की घाटी (जम्मू कश्मीर)
- कुल्लू - काँगड़ा घाटी (हिमाचल प्रदेश)
- काठमांडू घाटी (नेपाल)
- लघु हिमालय अपने स्वास्थ्यवर्धक पर्यटन स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है जिसके अन्तर्गत शामिल है – कुल्लू, मनाली, डलहौजी, धर्मशाला, शिमला (हिमाचल प्रदेश), अल्मोड़ा, मसूरी, चमोली (उत्तराखण्ड)
- लघु हिमालय की श्रेणियों की ढालों पर शीतोष्ण घास के मैदान पाये जाते हैं जिन्हें जम्मू-कश्मीर में मर्ग (गुलमर्ग, सोनमर्ग) व उत्तराखण्ड में बुग्याल व पयार कहा जाता है।
- उप हिमालय शिवालिक या बाह्य हिमालय :-
- लघु हिमालय के दक्षिण में शिवालिक हिमालय की अवस्थिति को बाह्य हिमालय के नाम से जानते है। यह लघु हिमालय के दक्षिण में स्थित है।

- शिवालिक और लघु हिमालय के बीच स्थित घाटियों को पश्चिम में डून (जैसे- देहरादून, कोटलीडून, पाटलीडून) व पूर्व में द्वार (जैसे- हरिद्वार) कहते हैं।
- शिवालिक को जम्मू कश्मीर में कश्मीर पहाड़ियों तथा अरुणाचल प्रदेश में डाफला, मिरी, अबोर व मिश्मी की पहाड़ियों के नाम से जाना जाता है।

चोस- (Chos)- शिवालिक हिमालय में बहने वाली जलधाराएँ चोस कहलाती हैं।

करेवा- पीरपंजाल श्रेणी के निर्माण के समय कश्मीर घाटी में कुछ अस्थायी झीलों का निर्माण हुआ जो नदियों के द्वारा लेकर आए अवसाद के कारण ये झीलें अवसाद से भर गई। ऐसे उपजाऊ क्षेत्रों में जाफरान / केसर की खेती की जाती है, जिन्हें करेवा कहा जाता है।

ऋतु प्रवास- जम्मू और कश्मीर में रहने वाली जनजातियाँ गुज्जर, बकरवाल, भूटिया, शेरपा इत्यादि ग्रीष्म हिमालय में बर्फ के पिघलने के उपरान्त निर्मित होने वाले घास के मैदानों में अपने पशुओं को चराने के लिए प्रवास करते हैं तथा वे पुनः सर्दियों के दिनों में मैदानी भागों में आ जाते हैं जिसे ऋतु प्रवास कहा जाता है।

पूर्वांचल की पहाड़ियाँ

पूर्वांचल की पहाड़ियाँ हिमालय का ही विस्तार है।

- नामचा बरवा के निकट हिमालय अक्षसंघीय मोड़ के कारण दक्षिण की ओर मुड़ जाता है। पटकाईबुम, नागा, मणिपुर, लुशाई, या मिजो पहाड़ी आदि हिमालय का विस्तार बन जाता है यह पहाड़ियाँ भारत एवं म्यांमार सीमा पर स्थित हैं।

पूर्वांचल की पहाड़ियाँ काफी कटी - फटी हैं।

- पूर्वांचल की पहाड़ियाँ भारतीय मानसून को दिशा प्रदान करती हैं इस तरह यह पहाड़ियाँ जल विभाजक के साथ - साथ जलवायु विभाजक हैं।

अरुणाचल प्रदेश	डाफला, मिरी, अबोर व मिश्मी (शिवालिक हिमालय) पटकाई बुम (महान हिमालय)
नागालैण्ड	नागा पहाड़ी की सर्वोच्च चोटी माउंट सरामाटी (3826 मीटर) है। इस पर नागालैण्ड की राजधानी कोहिमा (भारत के किसी राज्य की सबसे पूर्वोत्तर राजधानी) स्थित है।

मणिपुर	मणिपुर की पहाड़ी या लैमाटोल पहाड़ी इस पर लोकटक झील स्थित है। इस झील में भारत का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान केबुल लामजाओ स्थित है।
मिजोरम	मिजो पहाड़ी की सर्वोच्च चोटी ब्लू माउंटेन है।
मेघालय	गारो, खासी व जयंतिया पहाड़ियाँ (प्रायद्वीपीय पठारी भाग का हिस्सा) गारो खासी एवं जयंतिया पहाड़ी शिलांग के पठार पर अवस्थित हैं।
असम	मिकिर, रेंगमा व बरेल पहाड़ियाँ NOTE- बरेल पहाड़ी प्रायद्वीपीय भारत को महान हिमालय से अलग करती है।

हिमालय का प्रादेशिक विभाजन- सिडनी बुराड ने हिमालय का प्रादेशिक विभाजन (नदियों के आधार पर) किया तथा हिमालय को 4 प्रादेशिक भागों में बाँटा ।

हिमालय	लम्बाई (किमी.)	नदियाँ	विस्तार
पंजाब हिमालय	560	सिन्धु - सतलुज	जम्मू-कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश
कुमायूँ हिमालय	320	सतलुज-काली	उत्तराखंड
नेपाल हिमालय	800	काली-तिस्ता	नेपाल, सिक्किम व प. बंगाल
असम हिमालय	750	तिस्ता-ब्रह्मपुत्र	सिक्किम, प. बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, भूटान व चीन

हिमालय के प्रमुख दर्रे

I. **पश्चिमी हिमालय के दर्रे : -**

काराकोरम: - यह काराकोरम श्रेणी में अवस्थित है, जो उत्तर में स्थित है इसकी ऊँचाई 5000 मी. है और भारत के लद्दाख को चीन के शिनजियांग प्रान्त से मिलाता है।

जम्मू - कश्मीर के दर्रे-

बनिहाल दर्रा - जम्मू से श्रीनगर जाने का सड़क मार्ग प्रदान करता है। इस दर्रे में भारत की सबसे लम्बी सुरंग चेनानी नाशरी सुरंग (9.2 किमी. वर्तमान में नाम बदल श्यामा प्रसाद मुखर्जी) व जवाहर सुरंग (2531मी.) स्थित है ।

पीरपंजाल दर्रा- जम्मू से श्रीनगर

जोजिला दर्रा- श्रीनगर से कारगिल

लद्दाख के दर्रे-

फातुला दर्रा- कारगिल से लेह

खारदुंगला दर्रा- लेह से नुब्रा घाटी यह विश्व का सबसे ऊँचा मोटर वाहन चलाने योग्य दर्रा था (18380 फीट) लेकिन वर्तमान में विश्व का सबसे ऊँचा मोटरवाहन चलाने योग्य दर्रा उमलिंगला दर्रा (19300 फीट) है ।

चांगला : - यह लद्दाख को तिब्बत से मिलाता है, यह शीत ऋतु में हिमपात के लिए बंद रहता है ।

लानक ला : - लद्दाख के चीन अधिकृत अक्साई चीन में स्थित है और तिब्बत की राजधानी तथा लद्दाख के बीच सम्पर्क बनाता है ।

हिमाचल प्रदेश के दर्रे-

बारालाचा ला :- यह मंडी और लेह को आपस में जोड़ता है इसी से मनाली – लेह सड़क गुजरता है। यह शीत ऋतु बंद रहता है

रोहतांग :- यह हिमाचल के लेह और स्पीति के बीच में संपर्क बनाता है इसी से मनाली – लेह सड़क गुजरता है । इस पर अटल सुरंग (9.02) स्थित है ।

शिपकी ला : - हिमाचल प्रदेश को चीन से मिलाता है

देबसा दर्रा- मनाली से शिमला

प्रायद्वीपीय पठार का महत्त्व

- पठार के अपक्षय व अपरदन से काली मिट्टी का विकास हुआ है जो कपास के खेती के लिए उपयुक्त होता है।
- पश्चिमी घाट पर अधिक वर्षा वाले समतल उच्च भागों पर लैटेराइट मिट्टी का विकास हुआ है जिस पर चाय कॉफी मसाला की कृषि होती है।
- पश्चिमी घाट पर अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में सदाबहार वन पाए जाते है।
- प्रायद्वीपीय पठार भारत के अधिकांश खनिज संसाधनों की पूर्ति करता है।
- यहाँ की भू-गर्भिक संरचना सोना तांबा लोहा कोयला यूरेनियम आदि खनिजों से आबाद है।
- द्वीप समूह- भारत में सबसे लंबी तट रेखा (Coast line) गुजरात राज्य की है।

भारतीय सीमा में निम्नलिखित द्वीप समूह शामिल है–

द्वीपीय क्षेत्र	
बंगाल की खाड़ी के द्वीप	अरब सागर के द्वीप
अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	पिरोटन द्वीप
न्यू मूर द्वीप	दीव
सागर द्वीप	करम्बे
व्हीलर द्वीप (कलाम द्वीप)	अलियाबेट
श्री हरिकोटा द्वीप	खादियाबेट
पंबन द्वीप	बुचर्स द्वीप
कच्चातिवु द्वीप	एलिफेंटा
	केनरी
	बुचर
	भटकल
	लक्षद्वीप

श्रीहरिकोटा

- यह आंध्रप्रदेश के तट पर स्थित है।
- इसी द्वीप में भारत का एकमात्र उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र स्थित है।

पंबन द्वीप

- यह मन्नार की खाड़ी में अवस्थित है
- यह आदम ब्रिज अथवा रामसेतु का ही भाग है जो भारत व श्रीलंका के बीच स्थित है
- यहीं रामेश्वरम् स्थित है।

न्यू मूर द्वीप

- यह बंगाल की खाड़ी में भारत व बांग्लादेश की सीमा पर अवस्थित है जिसके कारण दोनों देशों में अधिकार को लेकर विवाद चलने के कारण छोड़ दिया गया।
- भारत के हिस्से में आए भाग का अधिकांश भाग जलमग्न रहता है।

अब्दुल कलाम द्वीप

- यह ओडिशा के तट पर स्थित है।
- इसका प्रयोग भारत अपने प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम के परीक्षण के लिए करता है।
- **अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह**
- यह द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी में स्थित है।
- अंडमान समूह में मध्य अण्डमान (Middle Andaman) सबसे बड़ा है।
- ये द्वीप समूह देश के उत्तर-पूर्व में स्थित पर्वत श्रृंखला का विस्तार है।
- उत्तर अण्डमान में स्थित सैडल पीक (SadalesPeak) सबसे ऊँची (लगभग 737 मीटर) चोटी है।
- निकोबार समूह में ग्रेट निकोबार सबसे बड़ा है।

इंडो ब्रह्म नदी- भू-वैज्ञानिक मानते हैं कि मायोसीन कल्प में लगभग 2.4 करोड़ से 50 लाखों वर्ष पहले एक विशाल नदी थी जिसे शिवालिक या इंडो - ब्रह्म नदी कहा गया है।

इंडो ब्रह्म नदी के तीन मुख्य अपवाह तंत्र -

1. पश्चिम में सिन्धु और इसकी पाँच सहायक नदियाँ
2. मध्य में गंगा और हिमालय से निकलने वाली इसकी सहायक नदियाँ
3. पूर्व में ब्रह्मपुत्र का भाग व हिमालय से निकलने वाली इसकी सहायक नदियाँ

<u>सिन्धु नदी तंत्र</u>

<u>सिन्धु नदी तंत्र</u>

यह विश्व की सबसे बड़ी नदी श्रेणियों में से एक है, जिसका क्षेत्रफल 11 लाख, 65 हजार वर्ग km है। भारत में इसका क्षेत्रफल 3,21,289 वर्ग किमी है।

- सिन्धु नदी की कुल लंबाई 2,880 किमी. है। परंतु भारत में इसकी लम्बाई केवल 1,114 km है। भारत में यह हिमालय की नदियों में सबसे पश्चिमी नदी है।
- सिन्धु नदी का उद्गम तिब्बती क्षेत्र में स्थित कैलाश पर्वत श्रेणी (मानसरोवर झील) में बोखर-चू के निकट एक ग्लेशियर (हिमनद) से होता है। तिब्बत में इसे सेंग खुब अथवा सिंगी खंबान कहते हैं।
- सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम सिन्धु नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।
- अन्य सहायक नदियाँ – श्यायक, ग्यांग, शिगार, गिलगिट, श्योक, हुंजा, कुर्रम, कुनार, नागरिल व द्रास, गोमल।
- अंततः यह नदी अटक (पंजाब प्रांत, पाकिस्तान) के निकट पहाड़ियों से बाहर निकलती है। यहाँ दाहिने तट पर काबुल, तोची, गोमल, विबोआ और संगर नदियाँ इसमें मिलती हैं।
- यह नदी दक्षिण की ओर बहती हुई मिठनकोट के निकट पंचनद का जल प्राप्त करती है। पंचनद नाम पंजाब की पाँच मुख्य नदियों सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब, झेलम को संयुक्त रूप से दिया गया है।

सिन्धु की प्रमुख सहायक नदियाँ : -

1. सतलुज नदी 2. ब्यास नदी
3. रावी नदी 4. चिनाब नदी
5. झेलम नदी

सिन्धु नदी तंत्र

सिन्धु जल संधि (1960)

तीन पूर्वी नदियों - ब्यास, रावी, सतलुज का नियंत्रण भारत तथा 3 पश्चिमी नदियां सिन्धु, झेलम, चेनाब का नियंत्रण पाकिस्तान को दिया गया -

1. ब्यास, रावी, सतलुज	80% पानी भारत
	20% पानी पाकिस्तान
2.सिन्धु, झेलम, चिनाब	80% पानी पाकिस्तान
	20% पानी भारत

सतलज नदी -

- यह एक पूर्ववर्ती नदी है जो तिब्बत में लगभग 4,555 मीटर की ऊँचाई पर मानसरोवर के निकट राक्षस ताल झील से निकलती है। यहाँ इसे लॉगचेन खंबाब के नाम से जाना जाता है।
- यह उत्तर - पश्चिम दिशा में बहते हुए भारत - तिब्बत सीमा के समीप शिपकी ला दर्रे के पास भारत में प्रवेश करने से पहले लगभग 400 km तक सिन्धु नदी के समानान्तर बहते हुए अंत में चिनाब नदी में मिल जाती है।
- प्रवाह क्षेत्र- हिमाचल प्रदेश, पंजाब
- सतलुज, सिन्धु नदी की महत्वपूर्ण सहायक नदी है।
- इस नदी पर हिमाचल प्रदेश में नाथपा झाकड़ी परियोजना तथा भाखड़ा बाँध व इसके पीछे गोविंद सागर जलाशय तथा पंजाब के रोपड़ में नांगल बाँध बना हुआ है।

ब्यास नदी (विपाशा नदी)

- यह सिन्धु की एक अन्य महत्वपूर्ण सहायक नदी है। रोहतांग दर्रे के निकट ब्यास कुंड से निकलती है।
- प्रवाह क्षेत्र- हिमाचल प्रदेश, पंजाब
- यह नदी कुल्लू घाटी से गुजरती है। तथा धौलाधर श्रेणी में काती और लारजी में महाखड्ड का निर्माण करती है।
- यह पंजाब के मैदान में प्रवेश करती है जहाँ हरिके बैराज के पास सतलुज नदी में जा मिलती है।

रावी नदी (परुष्णी नदी)



यह नदी सिन्धु की अन्य महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है जो हिमाचल की कुल्लू की पहाड़ियों में स्थित रोहतांग दर्रे के पश्चिम से निकलती है तथा चंबा घाटी से होकर बहती है।

- प्रवाह क्षेत्र- हिमाचल प्रदेश, पंजाब
- पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले व सतलज सिन्धु के निकट चिनाब नदी में मिलने से पहले यह नदी पीरपंजाल के दक्षिण-पूर्वी भाग व धौलाधर के बीच से प्रवाहित होती है।
- इस नदी पर पठानकोट(पंजाब) के निकट थीन बाँध / रणजीत सागर बाँध बना हुआ है।

चिनाब नदी (अस्किनी)



यह सिन्धु की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

- इसका उद्गम हिमाचल प्रदेश के निकट बारालाचला दर्रे से चंद्रा और भागा नामक दो सरिताओं के मिलने से होता है ये सरिताएँ हिमाचल प्रदेश में केलांग के निकट तांडी में आपस में मिलती हैं, इसलिए इसे चंद्रभागा के नाम से भी जाना जाता है।
- पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले भारत में इस नदी का बहाव क्षेत्र 1,180 किमी. है।
- प्रवाह क्षेत्र- हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर
- इस नदी पर जम्मू कश्मीर में बगलिहार परियोजना, दुलहस्ती परियोजना व सलाल परियोजना का निर्माण किया गया है।

झेलम नदी (वितस्ता)



राजस्थान का भूगोल

अध्याय – 1

सामान्य परिचय

प्रिय छात्रों, राजस्थान के भूगोल का अध्ययन करने के लिए हम इसे दो भागों में विभाजित करेंगे-

1. सामान्य परिचय
2. भौतिक स्वरूप

1. सामान्य परिचय –

प्रिय छात्रों, सामान्य परिचय के अंतर्गत हम राजस्थान के निम्न विषयों को विस्तार से समझेंगे-

(क) राजस्थान शब्द का उल्लेख

(ख) राजस्थान की स्थिति

(ग) राजस्थान का विस्तार

(घ) राजस्थान का आकार

(ङ) राजस्थान की आकृति

2. भौतिक स्वरूप –

इसी प्रकार भौतिक स्वरूप के अंतर्गत हम निम्न विषयों को विस्तार से समझेंगे –

(क) पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश

(ख) अरावली पर्वतीय प्रदेश

(ग) पूर्वी मैदानी प्रदेश

(घ) दक्षिण पूर्वी पठारी प्रदेश

1. राजस्थान का परिचय

राजस्थान शब्द का अर्थ :- राजाओं का स्थान

(क) राजस्थान शब्द का उल्लेख :-

- राजस्थान शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख राजस्थानी साहित्य विक्रम संवत 682 ई. में उत्कीर्ण बसंतगढ़ (सिरोही जिला) के शिलालेख में मिलता है।
- मारवाड़ इतिहास के प्रसिद्ध लेखक "मुहणोत नैणसी" ने भी अपनी पुस्तक "नैणसी री ख्यात" में भी राजस्थान शब्द का प्रयोग किया है, लेकिन इस पुस्तक में यह शब्द भौगोलिक प्रदेश राजस्थान के लिए प्रयुक्त हुआ नहीं लगता।
- महर्षि वाल्मीकि ने राजस्थान की भौगोलिक क्षेत्र के लिए "मरुकान्तार" शब्द का उल्लेख किया है।
- जॉर्ज थॉमस पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने सन् 1800 ई. में इस भौगोलिक क्षेत्र को "राजपूताना" शब्द कहकर पुकारा था। इस तथ्य का उल्लेख विलियम फ्रैंकलिन ने अपनी पुस्तक "मिलिट्री मेमोरीज ऑफ जॉर्ज थॉमस" में किया है।

जॉर्ज थॉमस का परिचय :-

- जॉर्ज थॉमस एक आयरलैंड के सैनिक थे, जो कि 18 वीं सदी में भारत आए और 1798 से 1801 तक भारत में एक छोटे से क्षेत्र (हिसार-हरियाणा) के राजा रहे।
- इन्होंने राजस्थान को "राजपूताना" शब्द इसलिए कहा क्योंकि मध्यकाल एवं पूर्व आधुनिक काल में राजस्थान में अधिकांश राजपूत राजवंशों का शासन था। ब्रिटिश काल में इस क्षेत्र को "राजपूताना" कहा जाता था।

विलियम फ्रैंकलिन :-

- विलियम फ्रैंकलिन मूल रूप से लंदन के निवासी थे यह जॉर्ज थॉमस के घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने 1805 ई. में जॉर्ज थॉमस के ऊपर "A Military Memories of George Thomas" नामक पुस्तक लिखी थी।
- अकबर के नवरत्नों में से एक मध्यकालीन इतिहासकार "अबुल फजल" ने इस भौगोलिक क्षेत्र के लिए "मरुभूमि" शब्द का प्रयोग किया है।
- 1829 ईस्वी में "कर्नल जेम्स टॉड" ने अपनी पुस्तक "एनाल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान" में सर्वप्रथम राजस्थान को "रायथान, रजवाड़ा" व राजस्थान का नाम दिया था।

कर्नल जेम्स टॉड :-

- कर्नल जेम्स टॉड 1818 से 1822 के मध्य मेवाड़ (उदयपुर) प्रांत में एक पॉलिटिकल (राजनीतिक) एजेंट थे तथा कुछ समय तक मारवाड़ रियासत के ब्रिटिश एजेंट भी रहे।
- कर्नल जेम्स टॉड ब्रिटेन के मूल निवासी थे, उन्होंने अपने घोड़े पर घूम - घूम कर राजस्थान के इतिहास लेखन का कार्य किया इसलिए इन्हें घोड़े वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है।
- कर्नल जेम्स टॉड को "राजस्थान के इतिहास का पितामह" कहा जाता है।
- कर्नल जेम्स टॉड की पुस्तक एनाल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान" को "सेंट्रल एंड वेस्टर्न राजपूत स्टेट्स ऑफ इंडिया" के नाम से भी जानते हैं
- इस पुस्तक का पहली बार हिंदी अनुवाद राजस्थान के प्रसिद्ध इतिहासकार "गौरीशंकर –हीराचंद ओझा" ने किया था इसे हिंदी में "प्राचीन राजस्थान का विश्लेषण" कहते है।
- कर्नल टॉड नौकरी के सिलसिले में अजमेर और उदयपुर में कई जगह पर रहे थे- उनमें बीच मार्ग पड़ने में छोटा सा गाँव गोरधनपुरा भी था- जो जंगलों और अरावली-पहाड़ों से घिरा हुआ है।
- उन्हें यह जगह पसंद आई तो उदयपुर के महाराणा भीम सिंह की सहमति से रहने के लिए गोरधनपुरा में एक छोटा सा किला बनवा लिया।
- महाराणा भीम सिंह ने कर्नल की सेवाओं से प्रभावित होकर गाँव का नाम टॉडगढ़ रख दिया, जो कालान्तर में टाडगढ़ कहलाने लगा। टाडगढ़ आज अजमेर जिले की एक तहसील का मुख्यालय है।
- कर्नल टॉड के किले में वर्तमान में सरकारी स्कूल चलता है।

(ख) राजस्थान की स्थिति- प्रिय छात्रों, राजस्थान की स्थिति को हम सर्वप्रथम पृथ्वी पर तत्पश्चात एशिया में और फिर भारत में देखेंगे।



मानचित्र – 1



मानचित्र – 2

नोट – भूमध्य रेखा :- "विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा" पृथ्वी की सतह पर उत्तरी ध्रुव एवं दक्षिणी ध्रुव से समान दूरी पर स्थित एक काल्पनिक रेखा है। यह पृथ्वी को दो गोलार्द्धों, उत्तरी व दक्षिणी में विभाजित करती है।

इस रेखा पर प्रायः वर्ष भर दिन और रात की अवधि बराबर होती, यही कारण है कि इसे विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा कहा जाता है।

विषुवत रेखा के उत्तर में कर्क रेखा है व दक्षिण में मकर रेखा है।

नोट- पृथ्वी या ग्लोब को दो काल्पनिक रेखाओं द्वारा "उत्तर - दक्षिण तथा पूर्व - पश्चिम" में विभाजित किया गया है। इन्हें अक्षांश व देशांतर रेखाओं के नाम से जानते हैं।

अक्षांश रेखाएँ - वह रेखाएं जो ग्लोब पर पश्चिम से पूर्व की ओर खींची हुई हैं, अर्थात् भूमध्य रेखा से किसी भी स्थान की उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव की ओर की कोणीय दूरी को अक्षांश रेखा कहते हैं।

भूमध्य रेखा को अक्षांश रेखा माना गया है। (देखें मानचित्र-1)

ग्लोब पर कुल अक्षांशों की संख्या (90° उत्तरी गोलार्द्ध से और 90° दक्षिणी गोलार्द्ध से) कुल 180° है तथा अक्षांश रेखा को शामिल करने पर इनकी संख्या 181° होती है।

देशांतर रेखाएं- उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली 360° रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहा जाता है।

पृथ्वी के उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली और उत्तर - दक्षिण दिशा में खींची गयी काल्पनिक रेखाओं को याम्योत्तर, देशान्तर, मध्यान्तर रेखाएं कहते हैं।

- ग्रीनविच, (जहाँ ब्रिटिश राजकीय वेधशाला स्थित है) से गुजरने वाली याम्योत्तर से पूर्व और पश्चिम की ओर गिनती शुरू की जाए। इस याम्योत्तर को प्रमुख याम्योत्तर कहते हैं।
- इसका मान 0° देशांतर है तथा यहाँ से हम 180° डिग्री पूर्व या 180° डिग्री पश्चिम तक गणना करते हैं।

नोट –उपर्युक्त विषय को अधिक विस्तार से समझने के लिए हमारी अन्य पुस्तक "भारत एवं विश्व का भूगोल पढ़ें"।

राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°03" से 30°12" उत्तरी अक्षांश के मध्य है, जिसका अंतर 7°09 मिनट है, जबकि राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69°30" से 78°17" पूर्वी देशांतर है, जिसका अंतर 8°47 मिनट है (देखें मानचित्र A, B)



(मानचित्र-A)

नोट- राजस्थान का कुल अक्षांशीय विस्तार 7°9" (30°12" - 23°03") है तथा कुल देशांतरीय विस्तार 8°47" (78°17" - 69°30") है।

1° = 4 मिनट

1° =111.4 किलोमीटर होता है।

- राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है जो कि संपूर्ण भारत का 10.41% है।
- भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है।

प्रश्न. 1 भारत के कुल भू – भाग का कितना प्रतिशत क्षेत्र राजस्थान में है।

(A) 10.4 प्रतिशत (B) 7.9 प्रतिशत
(c) 13.3 प्रतिशत (D) 11.4 प्रतिशत (A)

- जो हिमाच्छादित हिमालय की ऊंचाइयों से शुरू होकर दक्षिण के विषुवतीय वर्षा वनों तक फैला हुआ है। जो संपूर्ण विश्व का 2.42% है।
- 1 नवंबर 2000 से पूर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य मध्यप्रदेश था, लेकिन 1 नवंबर 2000 के बाद मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग होने हो जाने पर भारत का सबसे बड़ा राज्य (क्षेत्रफल की दृष्टि से) राजस्थान बन गया ।

2011 में राजस्थान की कुल जनसंख्या 68,548,437 थी जो कि कुल देश की जनसंख्या का 5.67% है।

➢ **कर्क रेखा राजस्थान में स्थिति-**

प्रधान मध्याह्न रेखा

<u>**कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है-**</u>

1. गुजरात 2. राजस्थान 3. मध्यप्रदेश 4. छत्तीसगढ़ 5. झारखंड 6. पश्चिम बंगाल 7. त्रिपुरा 8. मिजोरम

राजस्थान में कर्क रेखा **बाँसवाड़ा** जिले के मध्य से **कुशलगढ़ तहसील** से गुजरती है इसके अलावा कर्क रेखा डूंगरपुर जिले को भी स्पर्श करती है अर्थात् **कुल दो जिलों से होकर गुजरती है ।**

राजस्थान में कर्क रेखा की कुल **लंबाई 26 किलोमीटर** है। राजस्थान का अधिकांश भाग कर्क रेखा के उत्तरी भाग में स्थित है।

राजस्थान का कर्क रेखा से सर्वाधिक नजदीकी शहर बाँसवाड़ा है।

भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती हैं, अतः वहाँ पर तापमान अधिक होता है। जैसे - जैसे भूमध्य रेखा से दूरी बढ़ती जाती है, वैसे - वैसे सूर्य की किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है और तापमान में कमी आती जाती है।

राजस्थान में **बाँसवाड़ा जिले में सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी** पड़ती है जबकि गंगानगर में सर्वाधिक तिरछी पड़ती है।

कारण - बाँसवाड़ा सर्वाधिक दक्षिण में स्थित है तथा श्रीगंगानगर सबसे उत्तर में स्थित है।

राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार राज्य का सबसे गर्म जिला बाँसवाड़ा होना चाहिए एवं राज्य का सबसे ठंडा जिला श्रीगंगानगर होना चाहिए लेकिन वर्तमान में राज्य का **सबसे गर्म व सबसे ठंडा जिला चूरू** है। यह जिला सर्दियों में सबसे अधिक ठंडा एवं गर्मियों में सबसे अधिक गर्म रहता है । इसका कारण यहाँ पाई जाने वाली रेत व जिप्सम है ।



<u>चित्र:- मानचित्र को ध्यान से समझिए</u>

नोट - जैसे कि ऊपर दिए गए मानचित्र में समझाया है कि, सूर्य 21 जून को सीधा कर्क रेखा पर और 22 दिसंबर को सीधा मकर रेखा पर चमकता है।

- इसके अलावा सूर्य 21 मार्च और 23 सितंबर को सीधे भूमध्य रेखा पर चमकता है। अर्थात् 21 जून को कर्क रेखा पर सीधे चमकने के बाद जुलाई से दिसंबर तक जैसे -जैसे समय बढ़ता जाता है वैसे - वैसे सूर्य का सीधा प्रकाश मकर रेखा की ओर बढ़ता जाता है, फिर 22 दिसंबर तक मकर रेखा पर पहुंचने के बाद जनवरी, फरवरी से जून तक जैसे-जैसे समय बढ़ता है वैसे - वैसे सूर्य का सीधा प्रकाश कर्क रेखा की ओर बढ़ता है।अर्थात् सूर्य की सीधी किरणें कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच में पड़ती है इस क्षेत्र को **उष्णकटिबंधीय क्षेत्र** कहते है। ध्रुवों पर सूर्य की किरणें ना पहुंचने के कारण वहाँ वर्ष भर बर्फ पाई जाती है।

पूर्वी देशांतरीय भाग सूर्य के सबसे पहले सामने आता है, इस कारण **सर्वप्रथम सूर्योदय व सूर्यास्त राजस्थान के पूर्वी भाग धौलपुर** में होता है, जब कि सबसे पश्चिमी जिला जैसलमेर है। अतः जैसलमेर में सबसे अंत में सूर्योदय व सूर्यास्त होता है।

<u>विस्तार:-</u>

राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण तक की कुल लंबाई **826 किलोमीटर** है तथा इसका विस्तार उत्तर में

श्रीगंगानगर जिले के कोणा गाँव से दक्षिण में बाँसवाड़ा



जिले की कुशलगढ़ तहसील के बोरकुंड गाँव तक है। इसी प्रकार पूर्व से पश्चिम तक की चौड़ाई 869 किलोमीटर है तथा विस्तार पूर्व में धौलपुर जिले के जगमालपुरा की ढाणी, सिलाना गाँव, राजाखेड़ा तहसील से पश्चिम में जैसलमेर जिले के कटरा गाँव (सम-तहसील) तक है।

आकृति

विषम कोणीय चतुर्भुज या पतंग के आकार के समान है।

राज्य की स्थलीय सीमा 5920 किलोमीटर (1070 अंतर्राष्ट्रीय व 4850 अंतर्राज्यीय) है।

रेडक्लिफ रेखा

- रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सिरिल एम रेडक्लिफ को माना जाता है।
- रेडक्लिफ रेखा 17 अगस्त 1947 को भारत विभाजन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा बन गई।
- इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3310 किलोमीटर है।

रेडक्लिफ रेखा पर भारत के तीन राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेश स्थित है।

1. पंजाब (547 किमी.)
2. राजस्थान (1070 किमी.)
3. गुजरात (512 किमी.)
4. जम्मू-कश्मीर (1216 किमी.)
5. लेह-लद्दाख

- रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की सर्वाधिक सीमा - (1070 किमी.)
- रेडक्लिफ रेखा के साथ सबसे कम सीमा- गुजरात (512 किमी.)

राजस्थान के 2 ऐसे जिले हैं जिनकी अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय सीमा है –

1. श्रीगंगानगर (पाकिस्तान + पंजाब)
2. बाड़मेर (पाकिस्तान + गुजरात)

राजस्थान के 4 जिले ऐसे हैं जिनकी सीमा दो – दो राज्यों से लगती है-

- हनुमानगढ़ :- पंजाब + हरियाणा
- धौलपुर :- उत्तरप्रदेश + मध्यप्रदेश
- बाँसवाड़ा :- मध्यप्रदेश + गुजरात
- डीग :- उत्तरप्रदेश + हरियाणा

राजस्थान की पाकिस्तान के साथ सीमा

❖ **महत्वपूर्ण प्रश्न**

1. राजस्थान का प्रवेश द्वार किसे कहा जाता है – भरतपुर
2. महुआ के पेड़ पाये जाते है – उदयपुर व चित्तौड़गढ़
3. राजस्थान में छप्पनिया अकाल किस वर्ष पड़ा - 1956 वि.सं.
4. राजस्थान में मानसून वर्षा किस दिशा में बढ़ती है – दक्षिण - पश्चिम से उत्तर - पूर्व में
   नोट :- लेकिन राजस्थान में उत्तर – पश्चिम से दक्षिण - पूर्व की ओर वर्षा की मात्रा में वृद्धि होती है।
5. राजस्थान में गुरु शिखर चोटी की ऊँचाई कितनी है - 1722 मीटर
6. राजस्थान में किस शहर को सन सिटी के नाम से जाना जाता है – जोधपुर को
7. राजस्थान की आकृति है – विषम कोण चतुर्भुज
8. राजस्थान के किस जिले का क्षेत्रफल सबसे ज्यादा है – जैसलमेर
9. राज्य की कुल स्थलीय सीमा की लम्बाई है - 5920 किमी
10. राजस्थान का सबसे पूर्वी जिला है – धौलपुर
11. राजस्थान का सागवान कौन सा वृक्ष कहलाता है – रोहिड़ा
12. राजस्थान के किस क्षेत्र में सागवान के वन पाए जाते है – दक्षिणी
13. जून माह में सूर्य किस जिले में लम्बवत् चमकता है – बाँसवाड़ा
14. राजस्थान में पूर्ण मरुस्थल वाले जिले हैं- जैसलमेर, बाड़मेर
15. राजस्थान के कौन से भाग में सर्वाधिक वर्षा होती है – दक्षिणी – पूर्वी
16. राजस्थान में सर्वाधिक तहसीलों की संख्या किस जिले में है – जयपुर
17. राजस्थान में न्यूनतम सूर्योदय किस जिले में होता है – धौलपुर
18. उड़िया पठार किस जिले में स्थित है – सिरोही
19. राजस्थान में किन वनों का अभाव है – शंकुधारी वन
20. राजस्थान के क्षेत्रफल का कितना भू-भाग रेगिस्तानी है – लगभग दो-तिहाई
21. राजस्थान के पश्चिम भाग में पाए जाने वाला सर्वाधिक विषैला सर्प – पीवणा सर्प
22. राजस्थान के पूर्णतः वनस्पति रहित क्षेत्र - सम (जैसलमेर)
23. राजस्थान के किस जिले में सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक होता है –श्रीगंगानगर
24. राजस्थान का क्षेत्रफल इजरायल से कितना गुना है - 17 गुना बड़ा है।

25. राजस्थान की 1070 किमी. लम्बी पाकिस्तान से लगी सीमा रेखा का नाम – रेडक्लिफ रेखा
26. कर्क रेखा राजस्थान के किस जिले से छूती हुई गुजरती है – डूंगरपुर व बाँसवाड़ा को
27. राजस्थान में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला – जयपुर
28. थार के रेगिस्तान के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत राजस्थान में है – 58 प्रतिशत
29. राजस्थान के रेगिस्तान में रेत के विशाल लहरदार टीले को क्या कहते हैं – धोरे
30. राजस्थान का एकमात्र जीवाश्म पार्क स्थित है – अकाल गाँव (जैसलमेर)

<u>राजस्थान की अन्य राज्यों से सीमा</u>

राजस्थान के साथ जिन राज्यों की सीमा लगती है उन राज्यों के नाम :-

शॉर्ट ट्रिक :- "पं. हरि उत्तर में गुम गया"

सूत्र		राज्य
पं	-	पंजाब
हरि	-	हरियाणा
उत्तर	-	उत्तर प्रदेश
मे	-	मध्य प्रदेश
गु	-	गुजरात

पंजाब (89 किमी.)

- राजस्थान के दो जिलों की सीमा पंजाब से लगती है तथा पंजाब के दो जिले फाजिल्का व मुक्तसर की सीमा राजस्थान से लगती है।
- पंजाब के साथ सर्वाधिक सीमा श्रीगंगानगर व न्यूनतम सीमा हनुमानगढ़ की लगती है।
- पंजाब सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर तथा दूर जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ है।
- पंजाब सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला हनुमानगढ़ व छोटा श्रीगंगानगर जिला है।

शॉर्ट ट्रिक

पंजाब की सीमा से सटे राजस्थान राज्य के जिले हैं।

"श्री हनुमान"

सूत्र		जिला
श्री	-	श्रीगंगानगर
हनुमान	-	हनुमानगढ़

हरियाणा (1262 किमी.)

- राजस्थान के 8 जिलों (खैरथल-तिजारा, नीमकाथाना, अलवर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, कोटपुतली-बहरोड़, डीग और चूरू) की सीमा हरियाणा के 7 जिलों (सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, मेवात) से लगती है।
- हरियाणा सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला चूरू है।
- हरियाणा के साथ सर्वाधिक सीमा हनुमानगढ़ व न्यूनतम सीमा अलवर की लगती है तथा सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ है।
- मेवात (नूह) वह विभिन्न जिला है जो राजस्थान के अलवर जिले को छूता है।

- इस जिले में 8 तहसील (डीडवाना, मौलासर, छोटी खाटू, लाडनूं, परबतसर, मकराना, नावां, कुचामनसिटी) है।

डीग -
- भरतपुर जिले का पुनर्गठन कर नया जिला डीग गठित किया गया है।
- इस जिले में 9 तहसील (डीग, नदबई, कुम्हेर, रारह, नगर, सीकरी, कामां, जुरहरा, पहाड़ी) है।

फलौदी :
